आ0सं0:–भवन–13/अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन/कालीकृत–30/2022...........................दिनांक–

**बिहार सरकार**
**भवन निर्माण विभाग**

# सकारण आदेश

माननीय जजेज आवास संख्या–20B, हार्डिंग रोड, पटना के निर्माण कार्य के (विद्युत सहित) की निविदा में संवेदक द्वारा कार्यपालक अभियंता, LAEO, Works Division-1, Darbhanga का पत्रांक–0239 दिनांक–23.05.2018 से निर्गत अनुभव प्रमाणपत्र समर्पित किया गया । उक्त अनुभव प्रमाणपत्र की जाँच विभागीय मुख्य अभियंता(उत्तर) के द्वारा दिनांक–29.04.2022 को ई०–मेल के माध्यम से प्रमाणपत्र का जाँच करने के लिए कार्यपालक अभियंता, LAEO, Works Division-1, Darbhanga से अनुरोध किया गया । तत्पश्चात् कार्यपालक अभियंता, LAEO, Works Division-1, Darbhanga के पत्रांक–468 दिनांक–24.05.2022 के द्वारा सूचित किया गया कि अनुभव प्रमाणपत्र इस कार्यालय से निर्गत नहीं है ।

तत्पश्चात् अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण/निलंबन संबंधी बैठक हुई जिसमें संवेदक, Mr. Sanjay Singh, Vishal Residency, Raja Bazar, Hawai, adda, Veterinary College, Rukanpura, Patna से विभागीय पत्रांक–8679 दिनांक–30.11.2022, पत्रांक–3113 दिनांक–17.01.2023 एवं पत्रांक–3095 दिनांक–13.04.2023 के द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया एवं विभिन्न समाचार पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी ।

उक्त स्पष्टीकरण का जवाब अप्राप्त रहने के कारण समिति के द्वारा संवेदक को प्रस्तुत मामले में दोषी पाया गया । समिति द्वारा संवेदक के विरूद्ध एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए विभागीय पत्रांक–4759 दिनांक–09.06.2023 द्वारा उनके निबंधन को आदेश निर्गत होने की तिथि से दो वर्षो के लिए निलंबित किया गया ।

उक्त निर्णय/आदेश के खिलाफ संवेदक द्वारा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष एक अपील आवेदन समर्पित किया गया । उक्त अपील अभ्यावेदन के क्रम में दिनांक–27.10.2023 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) को सुनवाई हेतु तिथि निर्धारित की गई । सुनवाई में संवेदक उपस्थित हुए ।

चूँकि संवेदक को सुनवाई में अपना पक्ष रखने मौका दिया गया । संवेदक के द्वारा उक्त निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र समर्पित करने की बात स्वीकार की गयी तथा अपने बचाव में कोई नया तथ्य प्रस्तुत नहीं किया गया ।

अतः संवेदक के अपीलीय अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया जाता है ।

ह0/–
**(कुमार रवि)**
सरकार के सचिव

ज्ञापांक–भवन–13/अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन/कालीकृत–30/2022 पटना,दिनांक–

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः–संवेदक, Mr. Sanjay Singh, Vishal Residency, Raja Bazar, Hawai, adda, Veterinary College, Rukanpura, Patna का निबंधन सं०–1190018(BCD)Class-I को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के सचिव

Sec-13 Prakash(Dhananjau Sir)

ज्ञापांक–भवन–13/अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन/कालीकृत–30/2022.......................... पटना,दिनांक–

प्रतिलिपिः–सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग,/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/ऊर्जा विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना/सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग/मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित

ह0/–

सरकार के सचिव

ज्ञापांक– भवन–13/अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन/कालीकृत–30/2022 9127(भ).......... पटना,दिनांक– 8/11/23

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

7/11/23

सरकार के सचिव